# बहरोड़ क्षेत्र में निरंतर हो रहा है विकास - भाजपा नेता मोहित यादव

## भगवाडी खुर्द गांव को मिलेगी पानी की समस्या से निजात







मरुधर विशेष

**बहरोड़** भाजपा नेता मोहित यादव ने आज धर्मचंद गांधी जैन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहरोड़ में सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के अंतर्गत पार्किंग क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज प्रशासन, छात्रों और उपस्थित गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है, जिससे छात्र-छात्राओं को एक बेहतर वातावरण मिल सके।

इसके साथ ही, युवा नेता मोहित यादव ने महाविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर (हृष्टष्ट) के कैडेट्स को उनके अनुकरणीय कार्य और समर्पण के लिए सम्मानित किया। उन्होंने युवाओं को अनुशासन में रहने , सेवाभाव और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया।

इसके उपरान्त भाजपा नेता मोहित यादव ने भगवाडी खुर्द गांव में पेयजल समस्या के समाधान हेतु विधायक कोष से एक बड़े बोरवेल की घोषणा होने की जानकारी ग्रामीणों को दी। घोषणा के बाद ग्रामीणों के उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बोरवेल होने से गांव में पेयजल की समस्या का समाधान हो जाएगा । युवा नेता मोहित यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता करवाना जनप्रतिनिधि व सरकार की प्राथमिकता है इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे। लगातार गिरते जल स्तर से विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या बढ़ रही है हरियाणा बोर्डर से लगते गांव भगवाड़ी खुर्द में पानी की समस्या रही है गांव में नए बोरवेल होने से स्थानीय निवासियों की वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान होगा।

इसके बाद युवा नेता मोहित यादव बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र में स्थित श्रीराम नंनोडी धाम में आयोजित चैत्र नवरात्रि वार्षिक मेला महोत्सव में शामिल हुए और श्रद्धालुओं के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की और उपस्थित भक्तजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी सभ्यता व संस्कृति को सुदृढ़ करते हैं इसके साथ ही समाज में भाईचारे एकता और सद्भावना का संचार करते हैं। इस अवसर पर उनके साथ जिला पार्षद रामनरेश यादव , बहरोड़ मंडल अध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत यादव , बर्डोद मंडल अध्यक्ष राधे श्याम , राजेश फोजी ,जिला उपाध्यक्ष राव कमल यादव , सुभाष यादव , अनिल बोहरा साहित बड़ी संख्या में विधान सभा क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# कस्बे में भगवान महावीर के जन्मकल्याणक महोत्सव


### होगें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

मरुधर विशेष। दिनेश लेखी

**कठूमर ।** कस्बे में भगवान महावीर के जन्मकल्याणक महोत्सव पर 10 अप्रैल को अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस मौके पर आदिनाथ जैन मंदिर से शाम को श्रीजी की पालकी बैंड-बाजे के साथ निकाली जाएगी। जैन समाज के अध्यक्ष मुकेश सौंख की अध्यक्षता मे? आयोजित बैठक में पूरे कस्बे में होकर भगवान महावीर के संदेशो? के प्रचार प्रसार के लिए प्रात प्रभात फेरी, इसके बाद नित्य अभिषेक, शांतिधारा ,पूजा अर्चना, आदि कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। शाम चार बजे भगवान महावीर की रजत पालकी निकाली जाएगी। और संध्या कालीन महाआरती व सांस्कृतिक कार्यक्रम महिला मंडल की ओर से आयोजित किए जाएंगे। बैठक में विजयपाल जैन, स्वरूप चंद जैन, अनिल बैनाडा, नरेश जैन, प्रदीप जैन,शीतल जैन, पारस जैन, संदीप जैन आदि मौजूद थे।

# वैश्य समाज कठूमर महिला अध्यक्ष मनोनीत हुई बीना बंसल

मरुधर विशेष । दिनेश लेखी



**कठूमर।** वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र गोयल की अभिशंषा पर बीना संदीप बंसल को वैश्य समाज कठूमर की महिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। और नव मनोनीत अध्यक्ष को अपनी कार्यकारिणी जल्द गठित कर संगठन हित में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता बीना बंसल कठूमर नगरपालिका में राज्य सरकार द्वारा मनोनीत पार्षद भी रह चुकी है।

# चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है

## लेक हाउस के पास दुर्गा माता में जागरण आयोजित हुआ, विभिन्न सजीव झांकी निकाली गई,

### जागरण मे माताओ बहनो की लगी भारी भीड़,

मरुधर विशेष

**कोटपूतली। (सीताराम गुप्ता)** चैत्र नवरात्र के शूभ अवसर पर नवरात्र के सातवें दिन भक्तो ने माता रानी को धूम धाम से रिझाया । मंदिर पुजारी योगेश पंडित व घनश्याम आथोनीय ने बताया कस्बे के लेक हॉउस के पास दुर्गा माता मंदिर में सप्तमी के अवसर पर हर साल की भांति माता रानी के भजनों का गुणगान किया गया। जागरण के आयोजन प्रमोद अग्रवाल सुभाष शर्मा पूर्व (CBEO) रणधीर राठौड़ ने करवाया वही श्री श्याम शक्ति मंडल ट्रस्ट के द्वारा चलो बुलावा आया है माता रानी ने बुलाया है जैसे अनेक भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तो को माता रानी के मंदिर में नाचकर हाजरी देने को मजबूर कर



दिया। माता के जागरण मे रमेश जिंदल बब्बल शर्मा, जितेंद्र जोशी , विश्वनाथ सोनी, सियाराम शर्मा सहित अनेक कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी। वही दुर्गा माता की झांकी सहित अनेक देवी देवताओं की सजीव झांकी भी प्रस्तुत की गई । मंदिर के महंत पण्डित योगेश शर्मा ने सभी का दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। वही माता रानी के भक्तों द्वारा माता का भव्य और दिव्य दरबार सजाया गया । कार्यक्रम की सुरुआत माता की जोत जलाकर व पूजा अर्चना कर की गई। पंडित योगेश शर्मा ने बताया कि रामनवमी को कन्या पूजन कार्यकम, हवन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा वही प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।इस अवसर पर, आशीष शर्मा, पवन कंसल, पत्रकार अमित यादव, पत्रकार गिरिराज नायक, घनश्याम अथोनिया, पार्षद मनीष यादव, ओमप्रकाश बंसल, प्रदीप अग्रवाल सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।

# इन्द्रा हैप्पी स्कूल प्रांगण में स्थित विश्व शांति मंदिर में एक शाम मां के नाम भजन संध्या का हुआ आयोजन, माता रानी के भजनों का किया गुणगान

मरुधर विशेष

**विजय सिंह /मोहम्मद शकील खैरथल ।** सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्थानीय इन्द्रा हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खैरथल प्रांगण में स्थित विश्व शांति मंदिर में नवरात्रों के चलते शुक्रवार को एक शाम मां के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद महिलाओं ने माता के भजनों का गुणगान किया । संस्था निदेशक एवं खैरथल प्रेस क्लब अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय पत्रकार संघ दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष पंकज खुराना ने बताया कि नवरात्रों के चलते विद्यालय प्रांगण में स्थित विश्व शांति मंदिर में एक शाम मां के नाम भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें सीता शर्मा व उनके ग्रुप ने मनमोहक प्रस्तुती दी । कार्यक्रम में विद्यालय की फाउंडर



श्रीमती इंद्रपाल खुराना ने ज्योत प्रचंड कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉ. ज्योति खुराना, सिमरन, दिशा बजाज, मोना, कन्नी, कविता,प्रियंका, प्रीति जांगिड़, रेनू शर्मा, पूनम, आंचल, पूजा सेन, पूजा शर्मा, नीतू शर्मा, पुष्पा, लक्ष्मी गुप्ता,भावना, एकता मंगलानी, महिमा दादानी, ममता गुप्ता, मोना चंदवानी, मंजू गुप्ता आदि महिलाओं सहित विद्यालय की छात्राओं एवं अध्यापिकाओं ने माता का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजन मधुर स्वर में गाए व ऐसा समा बांधा कि चारो ओर जय माता दी नारों की गूंज सुनाई देने लगी। भजन संध्या में विद्यालय की फाउंडर श्रीमती इंद्रा पाल खुराना और वंश खुराना ने भी मधुर स्वर में भजन गाए। भजन संध्या के पश्चात भोग लगाकर मां दुर्गा की आरती की गई। विद्यालय निदेशक पंकज खुराना ने सभी माता के भकतों को प्रसाद देकर अनुग्रहित किया।

# गरीब मुस्लिमों को मुख्य प्रवाह में लाने का प्रयास

मरुधर विशेष



**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: वक्फ बोर्ड को संवैधानिक अधिकार दिया जा रहा है। यह गरीब मुस्लिमों को विकास के मुख्य प्रवाह में लाने का प्रयास है। बोर्ड में महिलाओं,पिछड़े मुसलमानों, शिया मुसलमानों को भी प्रतिनिधित्व मिलेगा। वक्फ बोर्ड धार्मिक संस्था तक ही सीमित नहीं रहेगा। इससे शैक्षणिक व आर्थिक सबलीकरण के प्रयासों को बल मिलेगा। इस विधेयक से पारदर्शिता और समावेशी विकास को निश्चित रूप से बढ़ावा मिलेगा । वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक के लिए मैंने अल्पसंख्यक कार्यमंत्री श्री किरेन रिजिजू को आभार संदेश भेजा है। अब्बास मद्रासी नगर मंत्री,भाजपा बांसवाड़ा ये जानकारी ने दी।

# शिंव शक्ति हनुमान मंदिर हावसिंग बोर्ड कॉलोनी बांसवाड़ा मे राम महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया



मरुधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** विश्व हिन्दू परिषद की मात्र शक्ति के द्वारा आज शिंव शक्ति हनुमान मंदिर हावसिंग बोर्ड कॉलोनी बांसवाड़ा मे राम महोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें पहले दीप ज्योति प्रजलित करके 3 बार ? का जाप किया 13 बार विजय मंत्र और 11 बार हनुमान चालीसा के पाठ किया जिसमें उपस्थिति लालीवाव मठ के महामंडलेश्वर हरिओम दास महाराज विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्र राम स्वरूप महाराज दोनों संतो को शॉल ओढ़कर माल्याण अर्पण शिफल भेंट किया जिसमें क्षेत्र प्रमुख कैलाश भाईसाहब उपस्थिति रहे। जिसमें विभागीय सतसंग प्रमुख मिथलेश कौशिक स्वयं उपस्थिति थी साथ ही ज़िला बाल सस्कार प्रमुख साधना देवड़ा, उषा परमार, ममता शर्मा, शशि कटारा, चंदा सिंह, प्रतिभा जेन, कृष्णा मेहता, सावित्री शर्मा, रेखा जेन, राजेशवरी चौदरी, सोनू अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, आशा मित्तल, कमलेश शर्मा, प्रियंका गुप्ता, कमलेश शकतावत, सावित्री जागीर, मीना जागीर, जानकी शेखवत, कल्पना जोशी, राखी कंसारा मंजू त्रिवारी, रेखा कंसारा प्रीति गोयल, ज्योति जेन, सरिता गोयल, निर्मला अग्रवाल, मीना लबनिया, इस कार्यक्रम मे कही मातृशक्ति उपस्थिति रही यह जानकारी विभागीय सतसंग प्रमुख मिथलेश जी कौशिक द्वारा दी गईं

# गृह राज्य सरकार जवाहर सिंह बेढ़म ने किया नगर मेले का शुभारंभ



### रेखब चन्द शर्मा संवाददाता कामां



मरुधर विशेष

**डीग, ।** गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शुक्रवार को डीग जिले के नगर उपखंड में श्री राम रथ यात्रा मेला का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार गौतम कुमार दक कार्यक्रम में मौजूद रहे। गृह राज्य मंत्री और सहकारिता राज्य मंत्री का नगर विधानसभा पहुंचने पर आमजन द्वारा उनका भव्य रूप में स्वागत सत्कार किया और अभिवादन किया गया।

इस दौरान गृह राज्य मंत्री ने मेले में आये हुए आगन्तुकों से महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीद कर उनकी उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि मेले में सांस्कृतिक गतिविधियाँ, हस्तशिल्प प्रदर्शनी,महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना एवं फूड कोर्ट की व्यवस्था भी गई है । जिले के नगर क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह मेला अपने आप मे बहुत ही रोचक और बेहतरीन है। मेले का लुफ्त उठाने यहाँ पर गांव-गांव से लोग भारी संख्या में पहुंचते है। ग्रामीणों ने बताया कि मेले की तैयारी काफी पहले ही शुरू हो जाती है। ऐसे में मेले को लेकर एक महीने पहले ही क्षेत्र में लोगों का उत्साह देखने को मिलने लगता है।


# गृह राज्य सरकार जवाहर सिंह बेढ़म ने किया नगर मेले का शुभारंभ






मरुधर विशेष

**संवाददाता सलीम खान** डीग,-। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी तथा मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने शुक्रवार को डीग जिले के नगर उपखंड में श्री राम रथ यात्रा मेला का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजस्थान सरकार गौतम कुमार दक कार्यक्रम में मौजूद रहे। गृह राज्य मंत्री और सहकारिता राज्य मंत्री का नगर विधानसभा पहुंचने पर आमजन द्वारा उनका भव्य रूप में स्वागत सत्कार किया और अभिवादन किया गया। इस दौरान गृह राज्य मंत्री ने मेले में आये हुए आगन्तुकों से महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीद कर उनकी उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि मेले में सांस्कृतिक गतिविधियाँ, हस्तशिल्प प्रदर्शनी,महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना एवं फूड कोर्ट की व्यवस्था भी गई है । जिले के नगर क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह मेला अपने आप मे बहुत ही रोचक और बेहतरीन है। मेले का लुफ्त उठाने यहाँ पर गांव-गांव से लोग भारी संख्या में पहुंचते है। ग्रामीणों ने बताया कि मेले की तैयारी काफी पहले ही शुरू हो जाती है। ऐसे में मेले को लेकर एक महीने पहले ही क्षेत्र में लोगों का उत्साह देखने को मिलने लगता है।

# भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर हुई बैठक



मरुधर विशेष

**नीमराना (सुनील मेघवाल) नीमराना** के समीपवर्ती मुंडावर कस्बे में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2025 को तिजारा खैरथल जिले में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी हेतु जिला आयोजन समिति द्वारा शुक्रवार को मुंडावर कस्बे के गोगाजी मंदिर स्थित सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मिठ्ठनलाल अध्यापक राजवाड़ा ने की। कार्यक्रम में मंच संचालन उदयभान सिंघल कोषाध्यक्ष मेघवाल विकास समिति मुंडावर ने किया।इस अवसर पर रामबाबू जाटव जिला अध्यक्ष आयोजन कमेटी अमीलाल, गोपीचंद, ताराचंद सरपंच,ताराचंद जाटव अध्यक्ष मजदूर विकास संघ ,पतराम अध्यापक ,चिरंजीलाल, रघुवीर , अर्जुन राम ,जगराम सिंघल , आदि ने अपने विचार रखें।इस अवसर पर राधेश्याम राजोरिया, तेजराम इंस्पेक्टर, प्रहलाद सिंघल, रोहिताश थानेदार ,प्यारेलाल सिंघल ,विजय सांवरिया ,नेमीचंद ,मनोहर लाल सूबेदार ,खेमचंद कोतवाल, दाताराम मीना ,बाबूलाल मीणा, रविकांत गोरा, ओमप्रकाश मीणा ,रतनलाल सहित काफी संख्या गण मान्य लोग मौजूद रहे।

# एक कदम्ब जीवन की ओर

मरुधर विशेष

**बहरोड़** कदम्ब डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाउंडेशन बहरोड़ की डायरेक्टर शिल्पा अग्रवाल पत्नी बर्बरीक अग्रवाल ने बताया "एक कदम्ब जीवन की ओर" अभियान के तहत आज दहमी हमाजपुर गांव में मंशा माता के मेले में बाबा कालूराम मंगल ने भंडारा आयोजित किया ये भंडारा हर छठे महीने नवरात्रि में करते हैं। अध्यक्ष एडवोकेट अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि इस भंडारे में स्काउट गाइड की टीम द्वारा किए गए कार्य जो की प्रशंसनीय है उनका मनोबल बढ़ाने हेतु उनका प्रोत्साहन




किया गया। स्काउट गाइड की टीम व उनके बच्चों को सम्मानित करते हुए सभी बच्चों को स्टेशनरी आइटम वितरित की गई। दिव्यम अग्रवाल ने बताया इस कार्य में योगाचार्य घनश्याम और आत्मरक्षक प्रशिक्षक रेणुका यादव का पूरा सहयोग रहा साथ ही राधाकृष्ण, सावित्री देवी, कुलदीप अग्रवाल ,मितुल अग्रवाल ,भगवती देवी सहित सभी मंगल परिवार इस कार्य में मौजूद रहे।

# मसारी गांव में मां मंशा देवी के मेले का विधायक खींची ने पूजा अर्चना कर किया शुभारंभ

मरुधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी कठूमर।** उपखंड क्षेत्र के गांव मसारी में गुरूवार को 3 दिवसीय मां मंशा देवी जी के मेले का उद्घाटन विधायक रमेश खींची द्वारा किया गया। प्रशसक मोहनलाल गुड्डू शर्मा ने बताया कि मसारी गांव में प्रतिवर्ष ग्राम पंचायत द्वारा मेला आयोजित किया जाता है मेले का उद्घाटन कर मां मंशा देवी



की पूजा अर्चना व ध्वजा पूजन कर मेले की झाकियां प्रारंभ की गई वही बताया कि मेला 3 दिन रहेगा जिसमें देवी का जागरण, जिकड़ी भजन नौटंकी, रागिनी, बंब रसिया आदि कार्यक्रम रहेंगे। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सरपंच जन प्रतिनिधि पूर्व सरपंच, रामोतार शर्मा, चुन्नीलाल शर्मा, बंटू चौधरी,सहित कई गणमान्य एवं आसपास के ग्राम वासी मौजूद थे।

# गलत तरीके से कराये गये भू-रुपांतरण को निरस्त करने व मन्दिर भूमि से निकाले गये रास्ते को हटवाने की मांग

### ग्रामीणों ने एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

मरुधर विशेष

**कोटपूतली,** निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास के पॉवर हाऊस के सामने नदी से सटाकर गांव पवाना अहीर में कुछ ग्रामीणों द्वारा कथित रूप से सांठगांठ कर गलत तरीके से कराये गये भू-रुपांतरण को निरस्त कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही व मन्दिर भूमि से निकाले गये रास्ते को हटवाने की मांग को लेकर शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपखण्ड कार्यालय पहुँचकर एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार शिवानी शर्मा को ज्ञापन सौंपा। नायब तहसीलदार ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराने व पुलिस जाप्ता मिलते ही मन्दिर भूमि से रास्ता हटवाने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि पवाना (अहीर) स्थित लगभग 03 हैक्टेयर भूमि में कुछ ग्रामीणों ने सांठगांठ कर गलत भूमि रूपान्तरण कराया है। उक्त जमीन में पहुंच का रास्ता ही नहीं है जिसका रूपान्तरण गलत तरीके से कराया गया है। उक्त कृषि भूमि का अकृषि प्रयोजनार्थ रूपांतरण के जांच पत्र में हल्का पटवारी व तहसीलदार



कोटपूतली ने जांच प्रपत्र के बिन्दु 12 में गैर मुमकिन रास्ता चारागाह भूमि से रिकार्डेड बताया है, यह गलत है तथा जाँच परिपत्र के बिन्दु 15 में शुक्लावास के चारागाह के ख.न. 894 व पवाना अहीर के ख. नं. 221 किस्म चारागाह भूमि से रास्ता बताया जाना भी गलत पाया गया है। जाँच में स्पष्ट लिखा है कि उक्त भूमि में पहुंच का रास्ता ही नहीं है। जबकि भूमि रुपांतरण के लिये पहुंच का रास्ता अनिवार्य है। इस नियम का उल्लघंन हुआ है। चारागाह से रास्ता कि मिथ्या रिपोर्ट बनाई जाकर पद का दुरूपयोग किया गया है। फर्जीवाड़ा यही नहीं रुका है इसमें ग्राम पंचायत शुक्लावास की एनओसी भी फर्जी है। ग्राम पंचायत कि पाक्षिक बैठक, ग्राम सभा का अनुमोदन व प्रस्ताव भी नहीं है। इससे स्पष्ट है कि हर तरफ से फर्जीवाड़ा कर भू रुपांतरण कराया गया है। राधेश्याम शुक्लावास ने बताया कि उक्त भू-रुपांतरण को खारिज कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने व मन्दिर भूमि से रास्ता निकाला गया है उसे शीघ्र हटवाने की कार्यवाही की जावें। यदि सुनवाई नहीं होती है तो अगले सप्ताह उपखण्ड कार्यालय के बाहर बैठकर भूख हड़ताल करेंगे। इस दौरान ग्यारसीलाल आर्य, जगदीश आर्य, नन्दाराम यादव, दाताराम यादव, युवा नेता रमेश यादव, रोहताश यादव, सतवीर यादव, ख्यालीराम यादव, सुरेश यादव, रामनिवास यादव, दलीप पहलवान, यादराम, कृष्ण रावत, विक्रम यादव, कैलाश यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शाम्दा अलवर से प्रकाशित। मो. 9653906665, 7014373732